## उपार्जन केंद्र में जांच करने पहुँची एसडीएम से किसानों ने बताई समस्या

# किसानों ने कहा दिन भर कतार में लगने के बाद भी नहीं मिलती खाद

कहीं गेहूं की बुआई हो गई तो कहीं अभी बुआई चल रही है। किसानों को अब खाद की बहुत जरूरत है। किसानों को दो-दो बोरी डीएपी यूरिया खाद के लिए पूरे दिन लाइन में लगना पड़ रहा है। शाम तक खड़े रहने के बाद भी किसान को खाद न मिलने पर खाली हाथ लौटना पड़ता है। इससे किसान परेशान हैं। उमरियापान विपणन केंद्र में खाद पाने के लिए किसान लंबी कतार में खड़े रहते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंहमारे राजस्व अमले के साथ धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करने पहुँची,तभी किसानों ने उनसे अपनी पीड़ा बताई। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्या का निराकरण कराने की बात कही।

धान की फसल की कटाई के बाद किसान गेहूं बुआई की तैयारी में लग गए हैं। अच्छे उत्पादन की चाह में किसान डीएपी यूरिया खाद के लिए सुबह से ही केंद्र के बाहर लंबी लाइन लगाने को मजबूर हो रहे हैं। शाम तक कतार में लगे रहने के बावजूद खाद नहीं मिलने से किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। ऐसे में कई किसान निजी उर्वरक की दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर हैं।

रोज की तरह शनिवार को भी खाद लेने के लिए आसपास के किसान उमरियापान में विपणन सहकारी समिति के केंद्र पहुँचे। यहाँ केंद्र में किसानों की भीड़ जमा रही। केंद्र में पहुँचे किसानों ने बताया कि रबी सीजन हो या खरीफ सीजन हर साल खाद की किल्लत होती है। अधिकारी भी पर्याप्त खाद का दावा जरूर करते हैं, लेकिन हर दफा खाद की कमी सामने आती है। वर्तमान में खाद के लिए किसान परेशान हो रहे हैं। इसके पहले बुधवार, गुरुवार- शुक्रवार को भी विपणन खाद वितरण केंद्र पर किसानों की लंबी-लंबी कतारें दिखी थीं। खाद के लिए किसान सुबह आठ बजे से ही केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। सुबह 10 बजे तक किसानों की भीड़ लगने लगी है। केंद्र बंद होने तक भूखे प्यासे किसानों की भीड़ लगी रहती है।

## खबर संक्षेप




### एड्स से बचाव के लिए रैली निकाल किया जागरूक

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुशवाहा ने एचआईवी वायरस के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।भाषण प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भी एड्स को लेकर अपनी बात रखी।राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनमानस को भी इस बीमारी के प्रति जागरूक किया। रैली में स्वयंसेवक ने स्लोगन लिखी तख्तियां लिए नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार, डॉ. सिरसा मंडल,डॉ. नूतन केवट,डॉ.निर्मला भास्कर, डॉ.सचिन कोष्ठा, डॉ. मनोज गुप्ता,पुष्पेंद्र लोधी,स्मिता परसाई, डॉ मनीष व्यास व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

### सट्टा पर्ची काट रहे दो सटोरियों को पकड़ा

**कटनी।** सट्टा-पट्टी काट रहे दो सटोरियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बताया कि नई बस्ती सिंधी स्कूल के पास सौरभ पिता हरिष कुमार साजवानी उम्र 25 साल एक सट्टा लिखते हुए व नकदी 160 रुपए के साथ पकड़ा है। इसी प्रकार दूसरी टीम ने रात के समय मेन स्टेशन के सामने अमितेश पिता अजय कुमार जैन उम्र 33 साल निवासी स्टेशन रोड को एक सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा। टीम ने उसके पास से नकदी 200 रुपए, एक डाट पेन तथा सट्टा पट्टी जब्त की है।

### जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** ताश पत्तों पर रूपयों के हार जीत का दांव लग रहे चार जुआरियों को बरही पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। सभी पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बरही पुलिस ने बताय कि ग्राम कुंदरेही में तालाब के पास किशन लाल पिता रामप्रसाद कोल उम्र 27 साल, अतुल पिता रमाकांत पाठक उम्र 38 साल, रोशन पिता सुंदर लाल चौधरी 25 साल व नंदी लाल पिता दादूराम कोल उम्र 35 साल सभी निवासी ग्राम कुंदरेही जुआ खेलते हुए पकड़ा है।

### उज्ज्वला योजना में निर्धन परिवारों को फ्री में मिलेगा गैस कनेक्शन

**कटनी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर व निर्धन परिवारों की गरीब महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय करने के लिए जिले में 52959 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गैस कनेक्शन जारी करने के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर गठित जिला स्तरीय उज्जवला समिति द्वारा परीक्षण उपरांत पात्र परिवारों को फ्री में गैस कनेक्शन प्रदाय करने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के अंतर्गत वे निर्धन परिवारों की पात्र महिलाएं जो निःशुल्क गैस प्राप्त करना चाहती है। उन्हें आवश्यक दस्तावेज के रूप में केव्हाइसी फार्म, पहचान का प्रमाण, निवास का प्रमाण, राशन कार्ड अथवा समग्र आईडी, आवेदिका की आधार की प्रति, परिवार के समस्त व्यस्क सदस्यों की आधार प्रति, आवेदिका के बैंक खाते एवं आईएफएससी का विवरण, आवेदिका प्रवासी माईग्रेंट होने की स्थिति में स्व-घोषणा पत्र के साथ आवेदन कर सकती है। हितग्राहियों के आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्राप्त करने एवं ई-केव्हाइसी कराने के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड, गैस एजेंसी स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।



## सिंगल यूज प्लास्टिक के अवशिष्टों से जाग्रति पार्क को किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश राज्य मुख्यालय भोपाल एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पृथ्वी पाल सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर क्लाइमेट एक्शन चेंज जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागृति पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान जागृति पार्क को सिंगल यूज प्लास्टिक के अवशिष्टों से मुक्त किया गया। भारत स्काउट गाइड जिला संघ कटनी के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा जागृति पार्क को गोद लिया जाकर प्रति रविवार स्काउट गाइड पार्क में उपस्थित होकर पार्क को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने हेतु अभियान चलाते हैं। क्लाइमेट चेंज जागरुकता अभियान में कटनी नगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी ,सी.एम. राइस हायर सेकेंडरी स्कूल कटनी सेंड पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन बार्डस्ले सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी, कटनी पब्लिक स्कूल कटनी, यू .एस मेमोरियल कटनी के लगभग 200 स्काउट गाइड रोवन रेंजर यूनिट लीडर ने भाग लिया स्काउट गाइड रोवर रेंजर के कार्यों को पार्क में आए हुए सैलानियों ने खूब सराहाऔर उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर लक्ष्मीकांत भारद्वाज कपूर सोनी डीटीसी गाइड्स सायरा बानो श्रीमती रश्मि निगम सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड रोवर रेंजर शामिल हुए।

*सहभागिता बढ़ाने हेतु सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन*

## बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने निजी व शासकीय चिकित्सक मिलकर करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कटनी जिले में प्राइवेट कैमिस्टों, आयुष, यूनानी, हौम्योपैथी, एलोपैथी चिकित्सकों की संसटाईजेशन वर्कशॉप (सीएमई) का आयोजन कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (क्षय) द्वारा शनिवार को किया गया।

आयोजित कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दीवान द्वारा बताया गया कि राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में कटनी जिले में प्राइवेट सेक्टर की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन चरणों में सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल से डॉ. जीतेश कौरव, जबलपुर डिवीजन के डब्ल्यूएचओ के सलाहकार डॉ. योगेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम कटनी नगर में कार्यरत प्राइवेट कैमिस्टों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन अपरान्ह 12 बजे से एवं मध्यान्ह 03 बजे से जिले के आयुष, यूनानी, हौम्योपैथी चिकित्सकों की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप का आयोजन सीएमएचओ सभाकक्ष, कटनी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अठ्या की अध्यक्षता में किया गया। जिनमें नगर के कैमिस्टों एवं आयुष, यूनानी, हौम्योपैथी विधा में कार्यरत चिकित्सकों की उपस्थिति रही।

इसी क्रम में नगर में सेवायें दे रहे एलोपैथी चिकित्सकों (शासकीय एवं प्राइवेट) की सेंसटाईजेशन वर्कशॉप (सीएमई) का आयोजन रात्रि 08 बजे से होटल उर्वशी में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आईएमए की जिला कार्यकारिणी के सभी एलौपैथी चिकित्सकों की उपस्थिति रहीं। सीएमई को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर एवं उपलब्धता को उन्नत किये जाने की दिशा में प्रयासों को बढाने की जरूरत बताते हुए प्राइवेट चिकित्सकों द्वारा शासकीय चिकित्सा तंत्र को सहयोग प्रदान करने तथा आवश्यक जानकारियां साझा करने का आव्हान किया।

सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या ने इस अवसर पर प्राइवेट चिकित्सकों को क्षय कार्यक्रम में मौजूदा स्थितियों पर चर्चा करते हुए होने वाले नवाचारों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य क्षय मुख्यालय, भोपाल से पधारे डॉ. जीतेश कौरव एवं डब्ल्यूएचओ सलाहकार डॉ. योगेश शर्मा ने उपस्थितों को टीबी कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत तकनीकी जानकारी स्लाईड प्रिजेंटेशन के माध्यम से प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनटीईपी) आशीष केशरवानी ने उपस्थितों का आभार व्यक्त किया।

## खुले में मांस व मछली बेचने वालों पर हुई कार्यवाही



खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने रविवार को नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांष व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। रविवार को आचार्य विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 15 एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक 16 दुर्गा चौक में मुर्गा मछली खुले में बिक्री पर नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी जिसमें लगभग 08 किलोग्राम मछली जप्त करते हुये विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई तथा अम्बेडकर वार्ड स्थित बाबाघाट के पास कार्यवाही की जाकर लगभग 5 किलोग्राम मुर्गा जप्त करते हुये मछली व मुर्गा का विनष्टीकरण करने की कार्यवाही की गई।

## 21 दिसम्बर से प्रारंभ होगी यात्रा, 25 तक दो पाली में लगाये जायेगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा.निर्देश जारी किये गये है जिसमें यात्रा का मुख्य उद्धेश्य भारत सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छता सुविधायें एलपीजी कनेक्शन आवश्यक वित्त सेवाऐ आवास सुरक्षा खाद्य सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाऐं पूर्ण पोषण स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता शिक्षा आदि प्रदान करना है।

नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में संशोधन किया गया है अब 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 02 बजे से 05 बजे तकद्ध किया जाएगा।

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा नगर निगम से संबंधित संपूर्ण कार्यवाहियों के संपादन हेतु पवन कुमार अहिरवार उपायुक्तध्नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन की प्रमुख महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम सीमांतर्गत 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक 09 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जावेगा। 21 दिसम्बर को शासकीय स्कूल पहरूआ में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक बस स्टेण्ड आंडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 22 दिसम्बर को खिरहनी स्कूल के पास प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तिलक कालेज के पास दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 23 दिसम्बर को साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक सीएलपी स्कूल के सामने दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 24 दिसम्बर को गोल बाजार में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक पुरानी पुलिस चौकी झिंझरी के पास दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक एवं 25 दिसम्बर को माधवनगर उपकार्यालय में 9 बजे से 12 बजे तक होगा। निगमायुक्त शुक्ल द्वारा उक्त कार्यक्रम में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों को सौंपी गई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये है।

*दो पालियों में हुई परीक्षा, कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण*

## भावी अफसर बनने जिला मुख्यालय के 6 केन्द्रों में 3387 परीक्षार्थियों ने परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद नें मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की रविवार को आयोजित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बर्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंड्री स्कूल परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला मुख्यालय के 6 परीक्षा केंद्रों शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झिंझरी, शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल झिंझरी बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाईन, शासकीय तिलक महाविद्यालय बरही रोड खिरहनी तथा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर कटनी रविवार को संयुक्त राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा एवं राज्य वन सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में किया गया।

प्रथम सत्र में 74 और द्वितीय सत्र में 73 फीसदी परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार को आयोजित जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 में 1953 नामांकित परीक्षार्थियों मे से प्रथम सत्र में 74.09 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1447 है जबकि द्वितीय सत्र में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1434 है जो 73.43 प्रतिशत उपस्थिती प्रदर्शित करती है।

जिले में रविवार को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा प्रातः 10 से 12 व अपरान्ह 2:15 से 4:15 की दो पालियों में आयोजित कराई गयी।

परीक्षा के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत औचक निरीक्षण कर संचालित परीक्षा गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहा तथा परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सम्पन्न हुई।

### लघु उद्योग भारती के 3 दिवसीय ट्रेड फेयर का हुआ भव्य शुभारंभ

## पीपल के पत्ते पर फोटो एवम लकड़ी की कारीगरी बन रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश के महाकौशल आंचल की कटनी इकाई द्वारा 3 दिवसीय स्वयंसिद्धा ट्रेड फेयर का भव्य शुभारंभ शनिवार 16 दिसंबर को किया गया।

जिसमे जिला कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला अध्यक्ष दीपक सोनी भारतीय जनता पार्टी, अरुण सोनी प्रदेश महामंत्री लघु उद्योग भारती, सीमा मिश्रा प्रदेश महिला कार्य प्रभारी, ज्योति सिंह चौहान जिला महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र कटनी, अनिल वासवानी अध्यक्ष महाकोशल अंचल, हरि सिंह भदोरिया अध्यक्ष कटनी पुरुष इकाई, प्रिया सोनी अध्यक्ष महिला इकाई कटनी आदि सम्माननीय जनों की उपस्थिति रही



इस तीन दिवसीय आयोजन में रविवार को बच्चों एवं महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें सांस्कृतिक वेशभूषा कलश सजाओ,चित्रकला जैसी अनेक प्रतियोगिताएंआयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन उपस्थित रहे।उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में आए हुए बच्चों की प्रतिभाओं को सारा और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। संपूर्ण प्रतियोगिताओं के दौरान 500 से अधिक छात्रों ने अपनी सहभागिता प्रदान करी।

### लाइव स्टाल लगाए गए

ट्रेड फेयर में सोमवार 18 दिसंबर को इस 3 दिवसीय आयोजन के समापन पर विभिन्न विभागों के नियमों से संबंधित कार्यशाला आयोजित की जायेगी जिसमें खाद्य विभाग, श्रम विभाग, बैंकिंग एवं जीएसटी संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की जायेगी। इस आयोजन में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें न केवल कटनी जिले का प्रतिनिधित्व है अपितु मध्य प्रदेश के अन्य जिलों के जिसमें भोपाल, सतना, नागपुर, जबलपुर आदि स्थानों की स्टॉल लगाए गए है, जिसमें प्रमुख रूप से हस्त निर्मित गारमेंट गृह उद्योग खाद्य उत्पाद प्लास्टिक उत्पाद फुटवियर इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के लाइव स्टॉल लगाए गए हैं। उद्योगों से सम्बंधित मशीनरी व ऑटोमोबाइल सेक्टर के स्टाल भी लगाये गये हैं।




## बच्चों को मिट्टी की मूर्ति बनाने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

समाजसेवी संस्था आवाज जनकल्याण समिति तत्वाधान में बड़वारा के ग्राम पंचायत भवन मे बच्चों को दो दिवसीय मिट्टी की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह रहे। बच्चों के ट्रेनर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुडसा की छात्राएं एवं श्रीमती यशोदा कोरी छात्रावास प्रभारी रही।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि संस्था आवश्कता वाले बच्चो के साथ बाल संरक्षण, बाल तस्करी के विषय पर प्रदेश के 6 जिलो मे कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ से आये अक्षत कलशों की निकली शोभायात्रा

**उमरियापान।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या से आए 17 पूजित अक्षत कलशो की रविवार को उमरियापान में बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। जिसमें जय श्री राम उद्घोष करते हुए सिर पर कलश लेकर स्वयंसेवक चल रहे थे। नगर के झंडाचौक, अथैया मोहल्ला, कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड सहित मार्गों में भ्रमण पश्चात शोभायात्रा का सरस्वती विधालय प्रांगण में समापन हुआ। उपरांत विधालय के सभागार में खंड समन्वय बैठक हुई। जिसमें बडी संख्या मे स्वयं सेवकों व नागरिको की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संघ जिला प्रचारक चंदनजी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत और श्रीराममंदिर चित्र घर घर तक आमंत्रण देने आव्हान किया। इसके लिए स्वयंसेवकों सहित अनुसांगिक संगठन के सदस्यों को दायित्व भी सौंपे गये। अक्षत कलश का वितरण किया गया।उल्लेखनीय है 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष आयोजन भी किए जाने आव्हान किया गया।

### आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में मिलेगा प्रवेश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद नें कटनी जिला अन्तर्गत जनजातीय वर्ग के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में अध्ययन की महत्ता एवं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं इस हेतु अधीनस्थ अमले व विद्यालय के प्राचार्यो को निर्देशित कर जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आवेदन कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेंशियल एकेडिमिक सोसायटी भोपाल द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विधालयों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विघालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 11 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाना है।

### महिला एवं किशोर के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** बड़वारा और विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हुई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोट पहुंचाने वाले लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। विजयराघवगढ़ पुलिस ने बताया कि थाने पहुंचकर शिवम पिता राजेश पाठक 16 साल निवासी गौरहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भूपेन्द्र पिता नरेन्द्र सिह बागरी निवासी नन्हवाराकला थाना कैमोर गालीगलौच कर मारपीट कर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार बड़वारा थाने पहुंचकर बेटी बाई पति राजाराम यादव 42 साल निवासी पथवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत शिव प्रसाद यादव गालीगलौच कर मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

### वाद विवाद कर युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की घटना सामने आई है। घटना अजाक थाना अंतर्गत झर्रा टिकुरिया शराब दुकान के पीछे रंगानाथनगर में हुई। जानकारी अनुसार रवि पिता स्व.राजू कोल ने शिकायत में बताया कि विशाल साहू एवं सोनू चौधरी ने विवाद कर चाकू के नोंक पर जाति सूचक रूप से अपमानित करते हुए धमकाया। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने चाकू से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आई हैं। घायल की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 324, 506,34 भादवि 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) व एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार हुए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

---

प्रयागराज उत्तरप्रदेश पहुंचकर देश के अलग-अलग स्थानों में ड्रोन कंपनी द्वारा भेजे जाएगें कटनी के युवा

# युवाओं के हौसलों को मिली उड़ान, ड्रोन प्रशिक्षण के मामले मे कटनी बना देश का पहला जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे स्थापित अत्याधुनिक सुविधायुक्त सेंटर आफ एक्सीलेंस लैब में बेसिल के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन उड़ाने में महारत हासिल करने वाले 27 प्रशिक्षुओं के कार वाहन काफिले को रविवार को विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया।

विधायक ने ड्रोन कंपनी में चयनित कटनी जिले के युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कलेक्टर अवि प्रसाद के अभिनव पहल एवं नवाचार से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से सफलतापूर्वक प्रोजेक्ट पंख क्रियान्वित हो रहा है। यह बडे ही सौभाग्य की बात है कि बच्चों को ड्रोन की ट्रेनिंग पूर्ण होनें के पूर्व ही रोजगार हेतु चयनित कर 27 प्रशिक्षुओं को एम-.ड्रोन मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी प्रयागराज ले जा रही है। विधायक संदीप जायसवाल नें शासन की योजनाओं और कलेक्टर अवि प्रसाद के नवाचार के सफल क्रियान्वयन पर बधाई प्रेषित की।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि प्रोजेक्ट पंख के तहत जिन 40 बच्चों को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करने का काम शुरू किया गया था उसमें से सभी बच्चों को ड्रोन कंपनी ने अपने यहां चयनित किया है। आज रविवार को 27 चयनित छात्र को ड्रोन कंपनी ले गई है। तीन दिन बाद 15 प्रशिक्षुओं को और भी कंपनी ले जायेगी।

ड्रोन कंपनी के प्रबंधक मेंटीनेंस शिवराज दिददागी ने बताया कि कटनी से रवाना हो रहे 26 प्रशिक्षुओं को चयनित कर उत्तरप्रदेश प्रयागराज के लिए रवाना किया गया है। ये सभी प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा मे सहभागी बनकर पात्र वंचितों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलानें का कार्य करेंगे।



#### मिलेगा 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड

कंपनी के प्रतिनिधियों ने जानकारी देते हुये बताया की सभी चयनित व्यक्तियों को कंपनी के ही डीजीसीए अप्रूव्ड रिमोट पायलट प्रशिक्षण संस्थान से ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रतिमाह 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड दिया जाएगा । आने -जाने व रहने की व्यवस्था भी कंपनी की तरफ़ से की जायेगी एवं रोज 150 रुपये भोजन भत्ता भी दिया जाएगा ।

#### देश का पहला जिला

कलेक्टर अवि प्रसाद के विशेष प्रयासों से शुरू निःशुल्क ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र के प्रति जिले के युवाओं ने पहले ही दिन से पूरे उत्साह और रोमांच के साथ प्रशिक्षण के प्रति दिलचस्पी जाहिर की थी। जिला प्रशासन ने ड्रोन प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का अवसर प्रदान कराने के उद्धेश्य से ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया था। ताकि ड्रोन तकनीक सीखकर जिले के युवा अपने सपनों की उड़ान भर सकें। जिला खनिज प्रतिष्ठान और ई- गवर्नेंस समिति की सहभागिता से यह नवाचार करने वाला कटनी देश का संभवतः पहला जिला है।

प्रोजेक्ट पंख के तहत कटनी मे केंद्र सरकार की मिनी रत्न कंपनी ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट इंडिया लिमिटेड के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन तकनीक का संपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत प्रशिक्षणार्थी ड्रोन उड़ाने के साथ ही साथ ड्रोन तकनीक की सभी विधाओं में महारत हासिल कर रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, ई- गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी अभिषेक भार्गव और एम.ड्रोन मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बेगलोर के मेनेजर मेंटीनेंस शिवराज दिददागी और असिस्टेंट इंजीनियर देबबरना भट्टाचार्जी सहित चयनित ड्रोन प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

---

### पिता की डांट से बुआ के यहां चली गई थी बालिका

**कटनी।** रीठी पुलिस ने एक लापता लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बताया जाता है कि थाना रीठी में फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी लड़की स्कूल पढ़ने गई थी जो वापस नहीं आई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी उमराव सिंह तथा थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के द्वारा दस्तयाब, टीम बनाकर विवेचना में लगाया गया था। टीम में प्रभारी एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक राम पाठक, अजय, महिला आरक्षक अर्चना गुप्ता, आरक्षक भोला साहू महिला सैनिक समीना कुरेशी को लगाया गया था। बामुश्किल दस्याबी कार्यवाही की है अपहर्ता के पिता शराब का नशा करते थे जो अपहर्ता को डांट-फटकार कर दिये जो अपहर्ता बिना बताए घर से चली गई और बुआ के साथ भर-भरा में रह रही थी। पुलिस के गुप्तचर की सूचना पर पुलिस टीम ने उक्त बालिका को दस्तयाब कर न्यायालय में धारा 164सी आर पी सी के तहत कार्रवाई कथन करायें गये। एसपी द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत की गई कार्यवाही में बच्ची को पाकर मां पिता प्रसन्न हुए तथा आभार व्यक्त किया।

---

कटाएघाट मेले में विविध कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन

## दंगल-पावर लिफ्टिंग जिम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बजरंग कटायेघाट मेले में विभिन्न सांस्कृतिक साहित्यिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने आज फीता काटकर मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करते हुये साहित्यिक नृत्य एवं फ्रेंसी डे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात दंगल पावर लिफ्टिंग जिम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। महापौर व निगम अध्यक्ष ने कटायेघाट मंदिर में हनुमानजी की पूजा अर्चन की।

गत दिवस स्कूली छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निखारने महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा छात्रों के लिये विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। शहर के कई विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में बढ चढ कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य सुमनलता सोलंकी शिवा मिश्रा निर्णायक रिजवान हसन खान मनोज चौधरी के मार्ग दर्शन में छात्रों ने विभिन्न माडल तैयार किये। स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गयी विज्ञान प्रदर्शनी में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं मेला समिति के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों से सवाल किये गये तथा उनके अथक परिश्रम की सराहना की।

इस अवसर पर मेला समिति सदस्य शशिकांत तिवारी डॉ रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू तुलसा बेन बीना बैनर्जी सीमा श्रीवास्तव शकुन्तला सोनी सरला मिश्रा सुमित्रा रावत प्रभा गुप्ता सुशीला कोल रेखा तिवारी सुरेन्द्र गुप्ता संजय तिवारी प्राचार्य सुमनलता सोलंकी रिजवान हसन खान मनोज चौधरी शिवा मिश्रा गनेश बिचपुरिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

---

### शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करने निर्देश



नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सीएम हेल्पलाइनों के समयसीमा में निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निगमायुक्त शुक्ल द्वारा विभाग प्रमुखों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया कि 18 दिसम्बर तक सभी शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण हो जाना चाहिए। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपाल यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी स्टेनो आलोक तिवारी कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल सहायक यंत्री सुनील सिंह आदेश जैन उपयंत्री अश्वनी पांडे पवन श्रीवास्तव योजना प्रभारी रवि शंकर पांडे सिटी मैनेजर एनयूएलएम यश रजक राजेश दुबे विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



## जिला प्रशासन ने सभी एसडीएम से खुले बोरवेलों को बंद कराने की गई कार्यवाही की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से उनके कार्य क्षेत्र में अब तक बंद कराए गए असफल और खुले बोरवेलों और ट्यूबवेलों की जानकारी का विवरण मांगा है।

जिले में अनुपयोगी और खुले बोरवेलों में बच्चों के गिरने की आये दिन आ रही खबरों और घटनाओं के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर बीते साल के दिसम्बर माह में दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। कलेक्टर द्वारा इस मामले में निरंतर अधिकारियों को ताकीद भी किया जाता रहा है। इसके बाद कई खुले बोरवेलों सहित काफी अरसे से उपयोग में नहीं लाये जा रहे कई खुले कुंओं को भी कलेक्टर के निर्देश के बाद बंद किया गया है।

कलेक्टर ने अभी हाल ही में संपन्न लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक में जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान भी अनुपयोगी और खुले नलकूपों को बंद करने की हिदायत दिया था। साथ ही कलेक्टर ने बोरवेल खनन से जुड़ी पूरी जानकारी संधारित करने और अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रुप से बंद करने की हिदायत भी दी है। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सभी एस डी एम को पत्र लिखकर बंद करवाये गये खुले बोरवेलों की जानकारी तलब किया है।

---

डीईओ ने प्राचार्यों एवं बीईओ से अनुशंसा प्रस्ताव भेजने निर्देश

## शिक्षा विभाग के 7 कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्यवाही प्रचलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिन कर्मचारियों का मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया था उनमे से शिक्षा विभाग के 7 कर्मियों को अक्षम मानते हुए अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला मेडिकल बोर्ड से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर इन सभी कर्मचारियों को 20 साल की सेवा और 50 वर्ष की उम्र के मापदण्ड के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव तैयार करने संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था।

कलेक्टर के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने सभी 7 कर्मचारियों की पदस्थापना स्थल वाले स्कूलों के प्राचार्यो को पत्र लिखकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति वाले कर्मियों की जन्मतिथि, प्रथम नियुक्ति दिनांक सहित अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा सहित 5 कार्यदिवस में भेजने को कहा है।

#### अनिवार्य सेवानिवृत्ति वाले कर्मी

शिक्षा विभाग के जिन 7 कर्मियों के विरूद्ध 50 वर्ष की आयु एवं 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर अक्षमता के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्यवाही प्रचलित है। उनमें शासकीय माध्यमिक शाला सुरमा के उच्च श्रेणी शिक्षक नंदूलाल चौधरी, शासकीय हाईस्कूल बिजौरी के माध्यमिक शिक्षक नागेन्द्र कुमार मिश्रा , शसकीय प्राथमिक शाला मढ़िया शासकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी के सहायक शिक्षक विशाली राम कोल, शासकीय प्राथमिक शाला बरछेंका के सहायक शिक्षक नारायण सिंह मरावी, शासकीय प्राथमिक शाला गाड़ा के प्राथमिक शिक्षक भाग सिंह गौड़, श्रमधान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैमोर के उच्च श्रेणी शिक्षक ए.एस चौहान और शासकीय माध्यमिक शाला एन.के.जे. के भृत्य दुर्गा प्रसाद बर्मन शामिल है। इन सभी 7 कर्मियों को कार्यालयीन कार्य हेतु अक्षम पाया गया है।

---

### जिले की बेटी स्वाति नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के परेड में होगी शामिल

**कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को नई दिल्ली के कर्त्तव्यपथ (राजपथ) में देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सलामी देने का सपना हर भारतीय का होता है। जिसे कटनी जिले की एन.एस.एस. स्वयंसेविका स्वाति मौर्य ने पूरा किया है।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में 6 राज्यों से 200 स्वयंसेवकों का चयन होता है। जिसमे मध्यप्रदेश से 40 स्वयंसेवकों की परेड व सांस्कृतिक गतिविधि के द्वारा 8 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए किया जाता है। जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से 2 स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। कटनी जिले शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी से स्वाति मौर्या का चयन हुआ है। स्वाति मौर्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

---

कलेक्टर द्वारा यात्रा हेतु रूट चार्ट एवं शिविर स्थलों को किया गया है निर्धारित

## संकल्प यात्रा में ग्रामीण क्षेत्र की 19 एवं शहरी क्षेत्र की 15

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कन्हवारा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा को रवाना किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक चलेगी, जिसमें संपूर्ण जिले की समस्त ग्राम पंचायत एवं समस्त नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में वीडियो वेन के द्वारा जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सरपंच कन्हवारा रतनलाल आदिवासी सहित बडी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तो वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री के वर्चुअली संबोधन के जिलेभर में लोगों द्वारा देखा व सुना गया।



विकसिंत भारत संकल्प यात्रा के दौरान रथ के माध्यम से जिले के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस वाहन का मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना,उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार करने के साथ ही साथ ही लोगों द्वारा योजनाओं के लाभ लेने में आ रही समस्याओं का भी निराकरण का काम करेगी एवं योजनाओं से छूटे लोगों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।

विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु रूट चार्ट एवं शिविर स्थल निर्धारित कर दिया गया है। और जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे।

योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे।

---

## हथकुरी के प्राचार्य एवं वसुधा के प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी व शासकीय हाई स्कूल वसुधा में पदस्थ शिक्षकों द्वारा बिना आवेदन अवकाश पर रहनें तथा विद्यालयों में काफी कम छात्रों की उपस्थिति पाये जाने के कारण मिशन फाइनल -30 प्रभावित हानें को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी के प्राचार्य एवं शासकीय हाई स्कूल वसुधा के प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि शनिवार को उनके एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी में तीन माध्यमिक शिक्षक नवनीत चुतर्वेदी, नित्यनंद सराफ एवं आशीष शर्मा नृत्य बिना आवेदन अवकाश पर पाये गये तथा दर्ज 213 छात्रों में से मात्र 70 छात्र ही उपस्थित पाए गए।

इसी तरह शासकीय हाईस्कूल वसुधा के निरीक्षण के दौरान श्री उमेश तुमराली, प्राथमिक शिक्षक 04 दिवस से अवकाश पर होनें के साथ ही 03 अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। कक्षा 10वीं में 32 छात्रों में से 15 छात्र उपस्थित मिले एवं कक्षा 9वीं में 26 छात्रों में से मात्र 03 छात्र ही उपस्थित पाए गए।

कारण बताओ नोटिस में प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य को विद्यालय की उपस्थिति कम होने तथा बिना अवकाश आवेदन के अवकाश शिक्षकांन पंजी में दर्ज करनें के आधार की जानकारी सहित अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस में समक्ष में विद्यालयीन समय उपरांत उपस्थित होकर देने हेतु निर्देशित किया है। स्पष्टीकरण अप्राप्त एवं संतोषजनक नहीं होने पर संबंधितों के विरूद्ध विभागीय जांच प्रांरभ की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बेटियां मौके पर ही अब मनचलों की करेंगी मरम्मत

**पन्ना-** फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस मुख्यप्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने बालिका छात्रावास रक्सेहा कि बालिकाओं को गुड टच,बेड टच एवं आत्मरक्षा से जुडी कई समस्याओं को उनके निदान सहित समझाते हुए कहा की। आज की नारी को अपनी सुरक्षा के लिए बचाव के तरीकों को जानना जरूरी है। ताकि मुष्किल वक्त आने पर आसानी से अपना और अपने परिवार का बचवा कर सके। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रक्सेहा में छात्राओं को बचाव के तरीकों का उपयोग करने डेमो भी दिया गया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास सक्सेहा वार्डन श्रीमति अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का प्रषिक्षण जरूरी है यह विसम परिस्थितिओं में आपकी मदत करेंगा। छात्राओं के साथ साथ महिलाओं के लिए विशेषकर ऐसे आत्मरक्षा के कार्यक्रम होना जरूरी साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। सेल्फ डिफेंस सिखाने से आत्म विष्वास बढ़ा है। इरफान सर और हर्षिता विष्वकर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा कि महत्वपूर्ण जानकारी दी बस छात्राएं इसका समय पर उपयोग करें। छात्राओं को रानीलक्ष्मी बाई आत्मरक्षा अभियान के तहत बालिका छात्रावास रक्सेहा कि छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहें। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास रक्सेहा में छात्राओं को बताया गया है कि अगर आत्मरक्षा की तकनीक का वह प्रतिदिन अभ्यास करें और दिल में हौसला रखें तो वह स्वयं खुद की रक्षा कर सकती हैं। छात्राओं को फिर किसी के ऊपर आत्मनिर्भर रहने की जरूरत नहीं है। यह बातें आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए कराते के ब्लैक बेल्ट धारी मुख्यप्रशिक्षक सेंसाई इरफान खान ने छात्राओं से कहीं। महिला प्रशिक्षक सेंसाई हर्षिता विष्वकर्मा ने पर्स, चेन, मोबाइल आदि छीनने से लेकर आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित करने की तकनीक छात्राओं को सिखाई वार्डन श्रीमति अमिता श्रीवास्तव, सहायक वार्डन श्रीमति सरिता साहू, प्रशिक्षक इरफान खान, महिला प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### मांस-मछली विक्रय खुले में प्रतिबंधित

**पन्ना**। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर नगरीय क्षेत्र में खुले में मांस मछली विक्रय करने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें स्पष्ट रूप से आदेश का परिपालन करने हेतु मांस मछली वितरण करने वाली व्यवसाईयों को समझाएं देते हुए यह चेतावनी दी गई ।

## सभी मंदिरों में अक्षत कलश किए स्थापित

# अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

22 जनवरी को अयोध्या नगरी में राम जन्मभूमि में बने राम मंदिर में प्रभु श्री राम जी के विराजमान होने व भव्य प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने अयोध्या से अक्षत कलश उपकाशी पहुंचे जिसकी विगत दिवस भव्य अगवानी कर राम मंदिर में रखे गए जहां रविवार को उपकाशी नगरी में सभी हिंदू संगठनो द्वारा हर्षोल्लास गाजे बाजे के साथ भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा निकालकर नगर के सभी मंदिरों में अक्षत कलश रखे गए। अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ श्रीराम मंदिर से किया गया जो भूतेश्वर मंदिर से बालाजी मंदिर रामगोपाल जी मंदिर शीतला माता मंदिर से होते हुए गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां अक्षत कलश यात्रा मां पीतांबरा के दरबार से होते हुए चंडी जी मंदिर पहुंची जहां मंदिर के प्रभु पुजारी व प्रमुख द्वारा अक्षत कलश की भव्य अगवानी कर कलश स्थापित कराए गए इसके अलावा नगर के समस्त देवालयों में भी अक्षत कलश रखे गये।

शोभायात्रा में अक्षत कलश को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर राम भक्त अपने कंधों पर लेकर शोभायात्रा में चल रही थी इसी के साथ ढोल नगाड़ा डीजे बैण्डबाजो के साथ सिर पर कलश धारण किए महिलाएं युवतियां श्रीराम के जयकारे लगाते हुए इस विशाल अक्षत कलश यात्रा में शामिल रही। इस दौरान हिन्दु संगठनो के सदस्यो ने नगर के लोगो से आग्रह किया कि 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या में विशाल मंदिर में विराजमान होने जा रहे है इसके उपलक्ष्य में सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह है कि वह अपने घरों में दीपक जलाकर एवं घरों को सजाकर अपने घर को ही अयोध्या मानकर रामलला की स्थापना करें।

विहिप नेताओं के अनुसार उपकाशी में अयोध्या नगर से प्रभु श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश आए हुए हैं जो नगर के श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए रखे गए जिससे कार्यकर्ता व संघ के स्वयंसेवक प्रत्येक घरों में जाकर हिंदू समाज को अक्षत राम जी की फोटो व आमंत्रण पत्र देंगे वह अयोध्या धाम जाकर नए मंदिर में विराजमान राम लाल के दर्शन करने का न्योता देंगे।

### हिण्डोरिया में निकाली गई शोभायात्रा



हिण्डोरिया। भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है। इसके उपलक्ष्य में नगर हिंडोरिया में पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के द्वारा किया गया। जिसमें श्रीराम,जानकी ,लक्ष्मण और हनुमान की झांकी सुशोभित थी। नगरवासियो ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कुछ समय बाद विहिप के समस्त अभिनंदन किया। वही शोभा यात्रा में डी.जे. की धुन पर युवा 'राम भक्त ले चला रे राम की निशानी' थिरक रहे थे। वही मातृशक्तिया पूजित अक्षत कलश को धारण कर यात्रा में चल रही थी। शोभा यात्रा का शुभारंभ बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर से हुआ। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए। पुनः श्री हनुमान मंदिर में समापन हुआ। इसके पश्चात सभी बंधु/भगनियों को प्रसाद वितरण किया गया। सम्पूर्ण चल समारोह में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। आयोजक मंडल ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासन के द्वारा ध्वनि प्रदुषण पर अंकुश लगाने और बिना अनुमति व खुले में संचालित हो रही मांस विक्रय को लेकर लिए निर्देश जारी किए गए है जिसको लेकर जबेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे उपस्थित तहसीलदार विवेक व्यास ने ध्वनि प्रदुषण को लेकर जारी हुए शासन के निर्देश के बारें में जानकारी दी,साथ ही बताया कि शासन के आदेशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तार यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। ऐसे में यदि किसी भी स्थान पर निर्धारित मापदण्ड के विपरीत लाउड स्पीकर का उपयोग किया जाता है,तो कार्यवाही की जाएगी। वही नगर व ग्रामीण अंचल खुले स्थानों मांस या मछली के विक्रेता विक्रय नहीं कर सकेंगे, सकेंगे,। मांस विक्रय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कांच लगाऐंगे। किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर मांस एवं मछली का विक्रय नहीं करेंगे।ऐसे व्यक्ति जो उक्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुए मांस या मछली का विक्रय कर रहे हैं।उनके विरूद्ध कानूनी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी, ,बैठक के दौरान, एसआई सियाराम सिंह, एसआई मलखान सींग, प्रधान आरक्षक संतोष खरे, प्रवीण सेन,प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, आरक्षक वीरेंद्र, सौरभ, नगरसैनिक , कोटवार सहित जबेरा आसपास ग्रामों के गणमान्य नागरिक सहित,पत्रकार मौजूद रहे।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

थाना क्षेत्र में धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर प्रयोग के निर्धारण को समझने और खुले में मांस बिक्री पर रोक लगाने को लेकर नोहटा थाना बनवार पुलिस चौकी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नोहटा थाना में नायब तहसीलदार राजेश साहू थाना प्रभारी अरविंद सिंह अधिकारियों ने थाना परिसर में एक बैठक ली। जिसमें उपस्थित ग्राम के गणमान्य नागरिकों ग्रामवासियों को बताया कि लाउडस्पीकर प्रयोग के संबंध में शासन के जो निर्देश हैं उसके अनुरूप है इनका उपयोग हो और निर्धारित देसी बाल में अपने लाउडस्पीकर सिस्टम को सेट करने के सभी को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव की मौजूदगी में नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा शासन के निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम वासियों सहित राजस्व एवं पुलिस स्टाप की उपस्थित रही।

### प्रशासन का एक्शन रनेह थाने में आयोजित हुई बैठक

## खुले में मांस बेचने वालों को दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

मांस अंडा मछली दुकान एवं मंदिर मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने कोलाहल अधिनियम के तहत होगी कार्यवाही। मध्य प्रदेश शासन की मनसा अनुसार प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सख्त निर्देशन अनुसार लाउडस्पीकर, डीजे पर बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार चलाने एवं ग्राम में खुले में संचालित मांस अंडा मछली मटन आदि के विक्रय की दुकानों को बंद कर अन्यत्र एकांत स्थान में खोले जाने आदि विषय पर बैठक में थाना प्रभारी सुश्री प्रीति पांडे ने दिशा निर्देश दिए। बैठक में शासन की गाइडलाइन से अवगत कराया गया। उपस्थित मंदिर के पुजारी एवं महंतों, मुस्लिम बंधुओं, के साथ ही मांस मीट के विक्रय करने वालों को शासन के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत अवगत कराया गया। सुश्री प्रीति पांडे ने बताया कि धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी पर मांस अंडा आदि का विक्रय नहीं होगा। वही इन दुकानों हेतु फूड विभाग से लाइसेंस लेना होगा। मांस मछली अंडा का विक्रय करने वाले व्यापारियों ने जगह की मांग बैठक में रखी, जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में ही बनाया गया शेड के साथ ही उसके सामने के मैदान में मीट मार्केट शिफ्ट किया जा सकता है। साथ ही शमशान की समीप पड़ी खाली शासकीय भूमि पर भी मार्केट बनाया जा सकता है। ऐसे विचार उपस्थित जनसमूह ने रखे और व्यापारियों को एसडीएम के समक्ष मार्केट हेतु स्थान स्वीकृत करने की बात कही।

## शांति समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर चौकी परिसर मे शांति समिति बैठक में मीट मांस की बिक्री एवं लाउडस्पीकर को लेकर दी चेतावनी धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करना होगा। और मीट मांस की दुकान बगैर लाइसेंस संचालित नहीं की जाएंगी। मुख्यमंत्री द्वारा मीट और मांस की दुकानों तथा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को दिए गए आदेशों के बाद सक्रिय हुए प्रशासन और पुलिस ने इलाके के लोगों की शांति समिति की बैठक लेकर इस बाबत दिशा निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं। जिसके चलते चेतावनी दी गई है कि धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करना होगा। और मीट मांस की दुकान बगैर लाइसेंस संचालित नहीं की जाएंगी। रविवार को सिंग्रामपुर चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित तहसीलदार विवेक व्यास, सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया ध्वनि प्रदूषण को लेकर जारी हुए शासन के निर्देश के बारें में जानकारी दी बताया कि शासन के आदेशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तार यंत्रों (लाउड स्पीकर) अंडा मांस की दुकान खुले में प्रतिबंध रहेगा इनको ग्राम पंचायत के माध्यम से दुकान रजिस्टर करवाई जाएगी मौजूद लोगों में ग्राम पौड़ी, गुबरा, सिंग्रामपुर, सिंगपुर, भजिया, कोडा, कुसमी, अन्य ग्रामों से लोगों की उपस्थिति रही।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्धा से हुआ शुभारंभ

**हटा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ समूची प्रदेश के साथ हटा विकासखंड की ग्राम पंचायत वर्धा व निवास पंचायत से शनिवार को किया गया जहां पर ग्रामीणजनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान उपस्थित अधिकारी पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर महिला बाल विकास अधिकारी शिवराय, आजीवका मिशन प्रबंधक संदीप सिंह स्वच्छता मिशन समन्वयक अमित सोंधिया द्वारा ग्रामीण जनों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति योजना, बीमा सुरक्षा, अटल पेंशन, उन्नत कृषि यंत्र आदि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। तथा योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। कार्यक्रम में आईईसी बेन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश दिखाया गया तथा संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच धीरज आदिवासी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी एमपी सरवैया, स्वास्थ्य विभाग से विक्रम महदेले, सचिव डाल सींग, रोजगार सहायक दरबारी अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।



## जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**गैसाबाद**। पूर्व विधायक युवा नेता जितेंद्र जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने जीतू भाई को बधाई देते हुए। हाई कमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से तीन युवा चेहरा जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष उमंग सिंगार नेता प्रतिपक्ष एवं हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से प्रदेश के युवाओं में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, हकाई पटेल, विनोद अहिरवार, सरपंच प्रतिनिधि यासीन खान, गोविंद विश्वकर्मा, मज्जु खान, ड्राइवर रज्जू पटेल चायपान वाले, श्याम बिहारी पटेल, मकबूल खान, दीपेश विश्वकर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## अयोध्या से सिग्रामपुर पहुंचे अमृत अक्षत कलश

### जगह-जगह पुष्प बरसाकर किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जंप जबेरा की ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर में अयोध्या जी से चलकर अमृत अक्षत कलश पहुंचे है। फिर सभी को पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया जो की अयोध्या में 22 जनवरी 2023 को चक्रवर्ती महाराज राम लला सरकार अयोध्या मंदिर में प्रवेश करेंगे, उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस पल के साक्षी बनने के लिए अक्षत कलश और निमंत्रण दिया जा रहा है अयोध्या जी में भगवान राम लला के नए मंदिर में प्रवेश उत्सव में करोड़ों राम प्रेमियों को एकत्रित करने के उद्देश्य घर-घर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया। धर्म प्रेमी बंधुओ को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। इसी को लेकर अमृत अक्षत कलश अयोध्या श्री राम जन्म भूमि से चलकर सिंग्रामपुर पहुंचे है। जहां पर अमृत अक्षत कलश की भव्य अगवानी की गई. लोगों ने बैंड बाजों के साथ स्वागत किया. ग्राम भर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु इस कलश को अपने-अपने सिर पर लेकर चले. और फिर मंदिरों में स्थापित किया गया है।

## लाऊडस्पीकर एवं खुले मे मांस विक्रय को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय थाना परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग एवं खुले में मांस मछली बेचने वाले छोटे-छोटे दुकानदारों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी ,टीआई महेंद्र सिंह जगेत एवं नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र कुमार खरे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ,जन प्रतिनिधियों , टेंट हाउस संचालकों, मांस मछली विक्रेता गरीब दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक में नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं मीट मछली विक्रय को लेकर जारी सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का वाचन किया। बैठक में बताया गया कि अब धार्मिक स्थलों एवं अन्य सभी कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं डीजे का उपयोग शासन की गाइडलाइन के पालन के साथ ही किया जाये। मांस मछली का क्रय-विक्रय भी अब खुले मे, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों के पास, आबादी के बीच प्रतिबंधित रहेगा। नगर के मीट मछली दुकानों को व्यवस्थित ढंग से चलाने भूमि की तलाश की जायेगी। तब तक गरीब दुकान दार अभी अपनी दुकाने ढक कर साफ सफाई के साथ ही नियमों का पालन कर संचालित करेंगे। मछली दुकानदार अभी नन्नेतला मे बस स्टेण्ड के पीछे, पीपल के नीचे अस्थायी रूप से अपना व्यवसाय चला सकते है। टीआई महेन्द्र सिंह जगेत ने कहा कि नपा अध्यक्ष, सीएमओ, नायब तहसीलदार एवं नगरवासियों व्दारा मिलकर मीट मछली मार्केट हेतु कोई उचित समाधान खोजा जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज की गति को शासन की गाइडलाइन के मुताबिक लिमिटेड किया जायेगा। सीएमओ श्री खरे ने कहा कि नगर मे शीघ्रता के साथ शासकीय भूमि तलाश कर मीट मछली मार्केट का संचालन व्यवस्थित करेंगे। बैठक मे उपस्थित सभी लोगों ने शासन प्रशासन की गाइडलाइन के पालन की बात कही। बैठक में ईदगाह मस्जिद के सदर हाजी नवाब खान , सुजात खान, रहीस खान, होशियार चक्रवर्ती,लक्ष्मण पटेल पूर्व पार्षद तैयब अली, शानू खान , असीम खान, अल्ताफ बाबू , मुडी. चौरसिया , पप्पू चौरसिया, धर्मेंद्र साहू , अकील शाह , आजाद शाह, मुहम्मद शमीम, गोविंद सेन, सददू बाबू, कालू रैकवार सहित बड़ी संख्या में मीट मछली दुकानदार टेंट हाउस संचालक, जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## अज्ञात कारणो के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हटा। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरीखुर्द में एक युवक द्वारा अपने मकान में फांसी लगाकर जान देने की घटना सामने आई है जहां पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार बोरीखुर्द निवासी ब्रजेश पिता मुन्ना साहू जो गल्ला का व्यापार करता था एवं शराब पीनें का आदी था और अपने घरवालों से अलग बोरीखुर्द में रहता था मृतक द्वारा अज्ञात कारणो के चलते सूने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वही घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा घटना की जानकारी दी गई जहां मौके पर पहुंचकर मकान के दरवाजे खोले तो वहा पाया गया कि लगभग दो दिन पूर्व मृतक द्वारा फांसी लगाई गई जो कि शव का वजन बढ़ जाने से फंदे की रस्सी टूटकर मृतक का शव पलंग पर गिर गया घटना की कार्यवाही कर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लेकर विवेचना की जा रही है।

### ट्रैक्टर ट्राली सहित किराये पर लेने वाला शख्स गायब, किसानों ने थाने में दर्ज की शिकायत

# किसानों से 13 ट्रैक्टर ट्राली किराये पर लेकर रफूचक्कर हो गया ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जबेरा थाना ग्राम भाट खमरिया निवासी दर्जनों किसानों के ट्रैक्टर ट्राली गन्ना ढोने के कार्य में किराया नामे लगवाने का झांसा देकर नरसिंहपुर जिले खमरिया तहसील निवासी दीपेशपुरी पिता कौशलपुरी गोस्वामी ने किसानों से ठगी कर डाली। ट्रैक्टर ट्राली को किराए पर ले गए और जब किसानों के द्वारा उक्त व्यक्ति के मोबाइल नंबर 8982 452 396 पर कॉल किया तो निरंतर मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था और जब किसान उसके ग्राम नरसिंहपुर खमरिया पहुंचे दो ट्रैक्टर ट्राली गायब मिले और उक्त व्यक्ति भी घर से गायब मिला और जब किसानों के सामने ठगी की सच्चाई सामने आई तो किसान भौचक्के रहे गए। दरअसल मामला है जबेरा थाना अंतर्गत ग्राम भाट खमरिया का जहां पर दर्जनों किसानों ने नरसिंहपुर खमरिया निवासी दीपेश पुरी गोस्वामी को करीब 13 ट्रैक्टर ट्राली गन्ना ढोने के नाम पर किराए नामे पर दिए थे जिसमें 28 नवंबर को 4 ट्रैक्टर ट्राली 18 नवंबर को, 2 ट्रैक्टर ट्राली 3 व 4 एवं 14 और 24 नवंबर को एक-एक ट्रैक्टर ट्राली इस प्रकार अलग-अलग तारीखों में कुल 13 ट्रैक्टर ट्राली उक्त व्यक्ति गन्ने ढोने के नाम पर किसानों से ठगी करके ले गया था। लेकिन जब उक्त व्यक्ति के पता पर गोटेगांव नरसिंहपुर खमरिया में जाकर देखा तो ना ही व्यक्ति का कुछ अता पता चला और ना ही ट्रैक्टर ट्राली का कुछ पता लग पाया। जिसकी रिपोर्ट ठगी के शिकार किसानों में प्रकाश पिता तुलसीराम राय 855 एवं 960 स्वराज ट्रैक्टर, वकील पिता प्रकाश राय निवासी भाट खमरिया थाना जबेरा 744 न्यू स्वराज कंपनी लीलाधर पिता मत्थू राय निवासी बमनपुरा थाना 42 एचपी पावर ट्रैक महेश पिता मोहनलाल राय निवासी भाट खमरिया 742 स्वराज कंपनी अंकित पिता जगदीश राय 742 स्वराज कंपनी रोहित पिता सूरज राय 855 स्वराज फोरबील कंपनी 16 दिसंबर को गोटेगांव थाना नरसिंहपुर में दीपेश पुरी गोस्वामी के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद आज किसानों ने जबेरा थाने में ठगी के इस मामले की शिकायत दर्ज करवाते हुए ठगी करने वाले दीपेश पुरी गोस्वामी निवासी नरसिंहपुर खमरिया का पता लगाने सहित ट्रैक्टर ट्राली वापस करवाने की गुहार लगाई है। भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष डा सुजान सिंह एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने बताया कि इस तरह से जिले में करीब 50 ट्रैक्टर ट्राली मालिक किसानों के साथ किराए पर ट्रैक्टर ट्राली ले जाकर ठगी की गई है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर संघ कार्यालय में संपन्न



दमोह। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख आयामों में से एक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की सागर विभाग की एक दिवसीय बैठक श्री कांत जी मिश्रा प्रांत जनसंवाद प्रमुख छतरपुर श्रीमान रामलाल पटेल सागर विभाग कार्यवाह सागर विभाग सयोजक पवन पटेल (पर्यावरण संरक्षण गतिविधि) के मार्गदर्शन में रविवार को संघ कार्यालय माधव कुंज दमोह में आयोजित की गई। बैठक में सागर विभाग अंतर्गत सागर जिला रहली एवम दमोह जिले से दायित्ववान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक के उद्घाटन सत्र में सम्मानीय मंच द्वारा पौधे के पूजन के साथ बैठक के प्रथम सत्र की शुरुवात हुई। श्री श्रीकांत जी द्वारा प्रथम सत्र में पर्यावरण संरक्षण के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए 3च पर संगठन की कार्ययोजना बताया कि पेड़, पानी और पॉलिथीन पर खंड स्तर तक, प्रत्येक घर तक हमे कार्य करना है। पेड़ लगाने के साथ साथ बीज संग्रह कर सीड बॉल एवं बीजों का छिड़काव कर वृक्ष संख्या को असीमित गुणित संख्या में बढ़ाने की बात कही। वहीं पानी के संरक्षण पर तालाबों के गहरीकरण एवम पॉलिथीन उन्मूलन के क्षेत्र में इको वृक्ष की अवधारणा को बताते हुए कार्य करने की बात कही। बैठक के द्वितीय सत्र में जिला सह कार्ययोजना की समीक्षा व कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया गया। भोजनावकाश उपरांत बैठक के अंतिम सत्र में विभाग संयोजक पवन जी पटेल ने विभिन्न स्तर पर ग्रीन होम सहित सभी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सागर विभाग कार्यवाह श्रीमान रामलाल जी पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमे राष्ट्र में व्याप्त समस्याओं में से एक प्रमुख पर्यावरण संरक्षण सहित विवेक पूर्वक व्रक्षारोपण करने की बात कही। यू के लिप्टिस पेड़ लगाने के लिय उचित स्थान दलदली क्षेत्र होता है जो कि पानी को सोखने का कार्य करने के लिय इस पेड़ की उपयोगिता होती है लेकिन हम इस पेड़ को यत्र तत्र लगाकर पानी की मात्रा को कम करने के कारण को निर्मित करते है। एक यू के लिप्टिस पेड़ प्रतिदिन 165 लीटर पानी का अवशोषण करके वाष्पीकरण कर देता है इससे आसपास पानी की कमी आ जाती है। सही दिशा में योजना पूर्वक कार्य करने से सार्थक परिणाम प्राप्त होने की बात विभाग कार्यवाह जी द्वारा कही गई। शांति मंत्र के साथ बैठक के समापन के साथ ही श्रीराम के नाम से एक वृक्ष के अंतर्गत संघ कार्यालय परिसर में एक पौधे का रोपण किया गया। श्रीराम की जय जयकार के साथ एक सर्व समाज हितार्थ पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के संकल्प साथ बैठक का समापन हुआ।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रांरभिक परीक्षा संपन्न



**दमोह** । मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रांरभिक परीक्षा 2023 का आयोजन 17 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को दमोह जिले के 5 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 से 4:15 बजे संपन्न हुई। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर पीयूष भट्ट ने जानकारी देते हुये बताया मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा आज दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में 2204 परीक्षार्थियों में से 1738 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 466 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरे चरण में 2204 परीक्षार्थियों में से 1719 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 485 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि दमोह में आज पांच परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई।

### श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**बनवार**। व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। बनवार ग्राम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर बाल व्यास ऋषिकांत गर्ग जी ने यह बात कही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।कथा बाल व्यास श्री शास्त्री जी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे।

## पेंशनरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मध्यप्रदेश पेंशनर्स एसोसियन तहसील शाखा हटा द्वारा पेंशनर्स दिवस पर रविवार को नगर के मानस भवन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजन शिक्षाविद् डां.श्याम सुंदर दुबे के मुख्य आतिथ्य व एमएम पांडे व लालचंद खटीक की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बरिष्ठ पेंशनरों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया इसके उपरांत जवाहरलाल राय द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया।वहीं मुख्य अतिथि डां.श्याम सुंदर दुबे द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त पेंशनरों के स्वास्थ व दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि वृद्वावस्था एक वरदान है जीवन का एक सौन्दर्य है सभी लोग अपने परिवार में पिता बनकर न रहें एक सदस्य की भांति अपने परिवार व समाज का मार्गदर्शन करें जिससे सभी का जीवन सुख समृद्धि से व्यतीत हो क्योंकि बदलाव ही जीवन में प्रकृति का नियम है जैसे आप है वैसा आपका बेटा नहीं हो सकता। इसके उपरांत एमएम पांडे ने भी अपने विचार रखे वही कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी स्वर्गीय श्री इमरत लाल राय के पुत्र राजीव राय द्वारा 80 बर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया।इस मौके पर विनय दवे पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय भगवती प्यासी कन्हैया लाल गौतम हरिनारायण चौरसिया कामता चौरसिया राजेन्द्र सिंह ठाकुर शरमन ताम्रकार संतोष बड़गैंया माखनलाल नेमा सहित तहसील शाखा के समस्त महिला पुरूष पेंशनरों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन गोपी तंतुवाय द्वारा किया गया।

## जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

**दमोह**। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के द्वारा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व विधायक जीतू पटवारी एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह की सहमति से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपनेता हेमंत कटारे को बनाये जाने पर कांग्रेसजनों ने घंटाघर पहुंचकर पटाखे फोड़कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जीतू पटवारी ने पूर्व में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहते युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किये थे और अब हाईकमान ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उन्हें यह विश्वास है वह संगठन और अधिक सक्रिय बनायेगे। मनु मिश्रा, सतीश जैन, राजेश तिवारी, आयोजक राजकिशोर राशू चौहान, रजनी ठाकुर, निधि श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, लालचंद राय, बेलु त्रिवेदी, वीरेन्द्र सिंह, मंजीत यादव, पवन गुप्ता, कमना निषाद ने भी कहा कि उक्त नेताओं के नेतृत्व में हम पुनः अपनी नई पारी की शुरूआत कर आमजन के बीच जायेगे कि किस तरह भाजपा ने पहले खरीद फरोख्त कर और अबकी बार ईव्हीएम का दुरूपयोग कर सत्ता हासिल की है उससे प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। इस अवसर पर बब्लू भट्ट, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके अग्रवाल, अरूण मिश्रा, प्रशांत शर्मा, अभिषेक डिम्हा, पुरूषोत्तम कुशवाहा, राजा रौतेला, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू कुशवाहा, शेरू कुशवाहा, खिल्लू ठाकुर, मुकेश सेन सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## जैन मिलन ने अभिषेक पूजन कर की गौ सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा





बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर ने अपने निर्णय अनुसार कुंडलपुर पहुंचकर बड़े बाबा जी का अभिषेक कर सामूहिक पूजन किया। तत्पश्चात गौशाला में पहुंच कर गायों को सानी एवं गुड़ खिला कर गौ सेवा की।एक बैठक भी सम्पन्न हुई जिसमें सर्व प्रथम महावीर वंदना की गई। बैठक में गौ सेवको की टीम के पच्चीस सदस्यों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक कुंडलपुर में शाखा के सक्रिय पदाधिकारी जितेंद्र बड़कुल द्वारा की गई। जिन्होंने सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की। आभार अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज ने माना। गौशाला में भैयाजी पलंदी दमोह के साथ ही कुलदीप सिंह, अमन यादव, दुर्गेश यादव का सक्रिय सहयोग मिला। कार्यक्रम में अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज , मंत्री महेश कुमार , कोषाध्यक्ष राजेंद्र राही, कार्य कारी अध्यक्ष राजेंद्र बजाज, उपाध्यक्ष स्वतंत्र सेठ, श्रीकांत बड़कुल, गोकुलचंद शिक्षक, अतुल चौधरी, पन्नालाल सेठ, निर्मल सेठ, जितेंद्र बड़कुल, पंकज जैन, प्रशांत सेठ, कोमल चंद, सहित सदस्यगण शामिल रहे। सभी सदस्यों पदाधिकारियों ने दुर्घटना में घायल राकेश जैन कुंडलपुर के निवास पर पहुंच कर उनके हाल चाल जाने व शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## भव्यता से निकली बारात, मंत्रोच्चार के साथ हुआ श्रीसीताराम विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर दमोह में श्रीसीताराम विवाह की भव्यता के साथ बारात निकाली गई बूंदाबहू मंदिर में शानदार सजावट की गई थी साथ ही पुष्पमालाओं से मंदिर के गर्भ को सजाया गया था वहीं श्री सीताराम जी भगवान को सुन्दर वस्त्र पहनाये गये ढोल नगाड़े बज रहे थे और बाराती नाच रहे थे। प्रत्येक बाराती ने पगढ़ी बांध रखी थी चारो ओर से श्रीसीताराम नाम के जयघोष की ध्वनि आ रही थीं आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज के सान्निध्य में दिव्य मंत्रोच्चार के द्वारा सर्वप्रथम द्वारचार पूजन के साथ क्रमशरू कई प्रकार का चढ़ाउ आभूषण चढ़ाये गये कन्यादान संकल्प के बाद भांवरे की गई वहीं आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने श्री सीताराम विवाह की कथा सुनाते हुये कहा कि श्री रामजी और श्री सीताजी की सुंदर परछाहीं मणियों के खम्भों में जगमगा रही हैं, मानो कामदेव और रति बहुत से रूप धारण करके श्री रामजी के अनुपम विवाह को देख रहे है दर्शन की लालसा और संकोच दोनों ही कम नहीं हैं अर्थात बहुत हैं इसीलिए वे मानो बार-बार प्रकट होते और छिपते हैं। सब देखने वाले आनंदमग्न हो गए और जनकजी की भाँति सभी अपनी सुध भूल गए मुनियों ने आनंदपूर्वक भाँवरें फिराईं और नेग सहित सब रीतियों को पूरा किया। श्री रामचन्द्रजी सीताजी के सिर में सिंदूर दे रहे हैं, यह शोभा किसी प्रकार भी कही नहीं जाती मानो कमल को लाल पराग से अच्छी तरह भरकर अमृत के लोभ से साँप चन्द्रमा को भूषित कर रहा है यहाँ श्री राम के हाथ को कमल की, सेंदूर को पराग की, श्री राम की श्याम भुजा को साँप की और सीताजी के मुख को चन्द्रमा की उपमा दी गई है फिर वशिष्ठजी ने आज्ञा दी, तब दूलह और दुलहिन एक आसन पर बैठे श्री रामजी और जानकीजी श्रेष्ठ आसन पर बैठे, उन्हें देखकर दशरथजी मन में बहुत आनंदित हुए। अपने सुकृत रूपी कल्प वृक्ष में नए फल आए देखकर उनका शरीर बार-बार पुलकित हो रहा है। चौदहों भुवनों में उत्साह भर गया, सबने कहा कि श्री रामचन्द्रजी का विवाह हो गया। जीभ एक है और यह मंगल महान है, फिर भला, वह वर्णन करके किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है तब वशिष्ठजी की आज्ञा पाकर जनकजी ने विवाह का सामान सजाकर माण्डवीजी, श्रुतकीर्तिजी और उर्मिलाजी इन तीनों राजकुमारियों को बुला लिया कुश ध्वज की बड़ी कन्या माण्डवीजी को, जो गुण, शील, सुख और शोभा की रूप ही थीं, राजा जनक ने प्रेमपूर्वक सब रीतियाँ करके भरतजी को जानकी जी की छोटी बहिन उर्मिला जी को सब सुंदरियों में शिरोमणि जानकर उस कन्या को सब प्रकार से सम्मान करके, लक्ष्मणजी को ब्याह दिया और जिनका नाम श्रुतकीर्ति है और जो सुंदर नेत्रों वाली, सुंदर मुखवाली सब गुणों की खान और रूप तथा शील में उजागर हैं उनको राजा ने शत्रुघ्न को ब्याह दिया दूलह और दुलहिनें परस्पर अपने-अपने अनुरूप जोड़ी को देखकर सकुचाते हुए हृदय में हर्षित हो रही हैं। सब लोग प्रसन्न होकर उनकी सुंदरता की सराहना करते हैं और देवगण फूल बरसा रहे हैं। सब सुंदरी दुलहिनें सुंदर दूल्हों के साथ एक ही मंडप में ऐसी शोभा पा रही हैं, मानो जीव के हृदय में चारों अवस्थाएँ जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय अपने चारों स्वामियों विश्व, तैजस, प्राज्ञ और ब्रह्म सहित विराजमान हों सब पुत्रों को बहुओं सहित देखकर अवध नरेश दशरथजी ऐसे आनंदित हैं, मानो वे राजाओं के शिरोमणि क्रियाओं यज्ञक्रिया श्रद्धाक्रिया योगक्रिया और ज्ञानक्रिया सहित चारों फल अर्थ, धर्म काम और मोक्ष पा गए हों सब स्त्री-पुरुष और सखियों सहित सारा रनिवास प्रेम के विशेष वश हो रहा है। ऐसा लगता है मानो जनकपुर में करुणा और विरह ने डेरा डाल दिया जानकी ने जिन तोता और मैना को पाल-पोसकर बड़ा किया था और सोने के पिंजड़ों में रखकर पढ़ाया था, वे व्याकुल होकर कह रहे हैं- वैदेही कहाँ हैं। उनके ऐसे वचनों को सुनकर धीरज किसको नहीं त्याग देगा अर्थात सबका धैर्य जाता रहा जब पक्षी और पशु तक इस तरह विकल हो गए, तब मनुष्यों की दशा कैसे कही जा सकती है तब भाई सहित जनकजी वहाँ आए। प्रेम से उमड़कर उनके नेत्रों में प्रेमाश्रुओं का वे परम वैराग्यवान कहलाते थे, पर सीताजी को देखकर उनका भी धीरज भाग गया। राजा ने जानकीजी को हृदय से लगा लिया प्रेम के प्रभाव से ज्ञान की महान मर्यादा मिट गई सब बुद्धिमान मंत्री उन्हें समझाते हैं। तब राजा ने विषाद करने का समय न जानकर विचार किया। बारंबार पुत्रियों को हृदय से लगाकर सुंदर सजी हुई पालकियाँ मँगवाई सारा परिवार प्रेम में विवश है। राजा ने सुंदर मुहूर्त जानकर सिद्धि सहित गणेशजी का स्मरण करके कन्याओं को पालकियों पर चढ़ाया राजा ने पुत्रियों को बहुत प्रकार से समझाया और उन्हें स्त्रियों का धर्म और कुल की रीति सिखाई। बहुत से दासी-दास दिए, जो सीताजी के प्रिय और विश्वास पात्र सेवक थे।

## पेंशनर्स दिवस मनाया



**दमोह**। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा किल्लाई नाका में क्षेत्रीय अधिकारी विनय सिंह बैंक के मुख्य प्रबंधक देवाशीष मिश्रा मुख्य प्रबंधक, रुपेश कुमार चौधरी एवं पेंशनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंडित जगदीश चौबे ने भगवान धन्वंतरि एवं भारत माता की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें अनेक बुजुर्गों ने सहभागिता की इस अवसर पर पंडित कृष्ण कुमार योगाचार्य ने योग के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन सभी को दिया, एवं आगामी समय में योग से सभी को जोड़ने का अहवान भी किया। आयुष अधिकारी राजकुमार पटेल जी के नेतृत्व में डॉक्टर डी एस ठाकुर, डॉक्टर प्रियंका तरुण, डॉक्टर अनुपम वर्मा एवं 8 सदस्यीय टीम ने शुगर, बीपी आदि स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की। पधारे सभी पेंशनर्स का क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने तिलक लगाकर एवं गुलाब के पुष्प से स्वागत किया। साथ ही 26 से अधिक 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों का शाल एवं श्रीफल से अपने हाथों से सम्मान किया। रूपेश कुमार चौधरी मुख्य प्रबंधक ने बैंक की जमा बीमा बचत योजना की विशेष जानकारी के साथ-साथ बैंक की योजनाओं के फोल्डर फाइल भी वितरित की। पेंशनर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा दमोह के अध्यक्ष मनोहर लाल पथरौल ने संयुक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पधारे पेंशनरों का एवं आयुष विभाग के योगाचार्य जी का एवं अवकाश के दिवस पर भी पधारे सभी सहयोगी, साथियों एवं कर्मचारियों का हृदय से अभार व्यक्त किया।